NOT APPROVED

# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 3 मार्च, 2016/13 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 40**

----

### योजनाओं की डी0पी0आर0

***2697 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा PMGSY और NABARD के अन्तर्गत कितनी-कितनी सड़कों की DPR तैयार की गई; ब्यौरा योजनाओं का नाम सहित दें?

----

### बिजली से आय

***2698 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा प्रदेश से बाहर कितनी बिजली बेची; किस-किस दर पर बेची; किस-किस को बेची तथा कितनी आमदनी हुई; ब्यौरा वर्षवार, नामानुसार दें; और

(ख) बिजली बेचने हेतु क्या नीति बनाई गई है; ब्यौरा दें ?

----

NOT APPROVED

## पुल निर्माण

***2699 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नैंडी ग्लू से झुंगी व झुंगी खड्ड पर मोटरेबल पुल विधायक प्राथमिकता में तथा कंडयाल फुट ब्रिज को स्टेट बजट में कब-कब डाला गया; विवरण दें; और

(ख) इन पुलों की डी0पी0आर क्या बन कर तैयार हो गई है; विवरण दें?

----

## Bus Stand Dalhousie

***2700 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Department/HRTC has any proposal to construct a bus stand at Dalhousie;

(b) if yes, whether the Department/HRTC has taken any steps to transfer the land for this purpose; and

(c) by when the work on this project will start?

NOT APPROVED

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत धनराशि

***2701 श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक किन-किन योजनाओं के लिए नाबार्ड द्वारा धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा कार्यवार दें;

(ख) कितनी योजनाओं का कार्य प्रारम्भ हो चुका है और कितनी का शेष है; और

(ग) ऐसे कितने कार्य हैं जिनके लिए धनराशि 31 दिसम्बर, 2012 से पूर्व स्वीकृत कर दी गई थी परन्तु उनके कार्य प्रारम्भ नहीं किए गए या अधूरे पड़े हैं; ब्यौरा कार्य का विभागवार दें?

----

NOT APPROVED

## गौ सदन

***2702 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने गौ सदन किस-किस स्थान पर खोलने का प्रस्ताव है;

(ख) इन गौ सदनों के लिए क्या भूमि हस्तांतरित की जा चुकी है और इनके निर्माण हेतु कितने धन का प्रावधान है; और

(ग) सरकार इन्हें कब तक स्थापित करने का विचार रखती है?

----

## हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग कॉलेज

***2703 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला बिलासपुर में एन.टी.पी.सी. (National Thermal Power Corporation) व एन.एच.पी.सी. (National Hydro Power Corporation) के सहयोग से खुलने वाले हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग कॉलेज का सरकार के साथ एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित हुआ है; यदि हां, तो एम0ओ0यू0 की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इसके लिए क्या भूमि चिन्हित कर ली गई है और वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार इस कॉलेज को कब तक शुरू करने का विचार रखती है?

----

## तारकोल के सैम्पल

***2704 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिनांक 31.01.2016 तक प्रदेश में सड़कों पर बिछे तारकोल के कितने सैम्पल जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजे गए;

(ख) इन सैम्पलों में से कितने सैम्पल तय मापदण्डों पर खरे नहीं उतरे; और

(ग) सरकार द्वारा इन सैम्पलों के फेल होने के पश्चात किन-किन ठेकेदारों और विभागीय कर्मचारियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की गई?

----

NOT APPROVED

## लेबर होस्टल

***2705 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) BBNDA के अन्तर्गत निर्मित लेबर होस्टलों पर कितनी धनराशि खर्च की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितने लोगों को आवास आवंटित कर दिए गए हैं और कितने खाली हैं; और

(ग) खाली रह गए कमरों को कब तक आवंटित कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## Electric Wires

***2706 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any plan of Electricity Board to shift the electric wires (conductors) from the residential areas in the Pradesh; if so, details be given; and

(b) if not, whether the Government will consider to shift these electric wires (conductors) in public interest and to avoid loss of human life?

NOT APPROVED

----

## ट्रांसफार्मरों की स्थापना

***2707 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत मंडल चौपाल और उप-मंडल सैंज हेतु कितने ट्रांसफार्मर स्वीकृत किए गए; ब्यौरा दें;

(ख) अभी तक कितने ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं; ब्यौरा स्थान के नाम सहित दें; और

(ग) ऐसे कितने ट्रांसफार्मर हैं जो स्वीकृत हैं तथा अभी तक लगे नहीं हैं; ब्यौरा स्थान का नाम सहित दें?

----

NOT APPROVED

## विज्ञापन पर खर्च

*2708 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान सरकार ने अपनी नीतियों व कार्यक्रमों के विज्ञापन आदि पर कितना-कितना खर्च किया; ब्यौरा विभागवार दें; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में इन प्रयोजनों हेतु कितने-कितने धन का प्रावधान किया गया; ब्यौरा विभागवार दें ?

----

## गौ सदन

*2709 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि नगर परिषद मनाली द्वारा एक गौ सदन संचालित किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसमें रखे गये पशुओं की संख्या कितनी है; और

(ग) इस गौ सदन के संचालन हेतु धन का प्रावधान कहां से किया जा रहा है तथा इसके संचालन हेतु बनाये गये नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## योजनाओं की अद्यतन स्थिति

*2710 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाओं को विधायक प्राथमिकता में डाला गया; और

(ख) इन में से कितनी योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं तथा शेष योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## एस0एम0सी0 के अन्तर्गत अध्यापकों की भर्ती

*2711 **श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने सरकारी स्कूलों में School Management Committee के

NOT APPROVED

माध्यम से अध्यापकों की भर्ती की गई; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें;

(ख) इन अध्यापकों को कितना वेतन दिया जा रहा है; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ग) सरकार इन नियुक्त अध्यापकों को किसी नीति के अन्तर्गत लाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## New Buses to Keylong Depot

***2712 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there are no Mini Buses, Jeeps plying in Lahaul & Spiti; what is the year of manufacture of buses plying in Lahaul & Spiti;

(b) whether the department proposes to provide Mini Buses, Jeeps & New Buses to Keylong Depot; if yes, by when; and

(c) whether the department is repairing & constructing Beeling-Keylong Workshop Building & residential Building for Employees?

----

## पुल निर्माण

***2713 श्री रिखी राम कौंडल(झण्डुता) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि श्री नैना देवीजी व झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र को जोड़ने वाले भवखाल पुल का निर्माण कार्य बन्द कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य किस ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था; सरकार क्या ठेकेदार से किये गये व्यय की वसूली करने का विचार रखती है;

(ग) सरकार क्या इस पुल को किसी अन्य स्थान पर बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां पर; और

(घ) इस क्षेत्र में निम्न सड़कों पर खड्ड व नाले पर पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या हैः-

(i) बढगांव-अमरोआ वाया रिरढोह सड़क;

NOT APPROVED

NOT APPROVED

(ii) औहर-सलासी सड़क; और

(ङ.) इन पुलों की अनुमानित लागत कितनी है; ब्यौरा दें?

----

## चूना पत्थर खाने

*2714 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जिला सिरमौर के अन्तर्गत चूना पत्थर की कितनी खानें चल रही हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 31-01-2016 तक इनमें से कितनी खानों का EIA हो चुका है और कितनी बिना EIA के चल रही हैं; ब्यौरा दें?

----

## Panchayat Secretary

*2715 **Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there are 3226 Gram Panchayats in the State;

(b) if yes, whether each Panchayat is having independent Panchayat Secretary; and

(c) if not, then what steps are being taken to provide independent Secretary to each Panchayat?

----

## पशु तस्करी के मामले

*2716 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि जिला सिरमौर में पशु तस्करी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों में पशु तस्करी के कितने मामले कब-कब दर्ज़ किए गए;

NOT APPROVED

(ग) दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार ने पशु तस्करी को रोकने के लिए क्या पग उठाए हैं ?

----

## वाहनों को एकतरफा चलाने की अनुमति

***2717 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिमला शहर में कुछ एक सड़कों पर एकतरफा वाहनों (one-way traffic) को चलाने की अनुमति दी गई है; यदि हां, तो क्या इन सड़कों पर वाहन पार्क किए जाते हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31-01-2016 तक इन सड़कों पर कितने चालान काटे गए और क्या-क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; और

(ग) सरकार ने क्या इन सड़कों पर पार्किंग की अनुमति दी है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## कम्प्यूटर ऑप्रेटर

***2718 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के विकास खण्डों में अनुबंध के आधार पर कितने कम्प्यूटर ऑप्रेटर कब-कब से व किस नीति के अर्न्तगत कार्यरत हैं; और

(ख) सरकार अनुबंध पर लगे कम्प्यूटर ऑप्रेटरों को कब तक नियमित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक पाठशालाएं

***2719 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक पाठशालाएं हैं; विवरण दें;

(ख) ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं जहां एक भी अध्यापक नहीं है या एक ही अध्यापक है; विवरण दें ;और

NOT APPROVED

(ग) इस क्षेत्र में ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं, जहां बच्चों को बैठने के लिए एक भी कमरा नही है; सरकार कब तक इन पाठशालाओं में भवन की व्यवस्था करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## अधिशासी अभियन्ताओं की तैनाती अवधि

*2720 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल, भरमौर (जिला चम्बा) में कितने अधिशासी अभियन्ता पोस्ट किए गए और वे कितनी -कितनी अवधि तक वहां कार्यरत रहे; ब्यौरा नाम व उनके ठहराव सहित दें; और

(ख) इस अवधि में इस मण्डल हेतु कितना बजट प्रावधान था और उसमें से कितनी धनराशि विभिन्न निर्माण कार्यों पर व्यय की गई; ब्यौरा बजट प्रावधान व व्यय की गई धनराशि का वर्षवार दें?

----

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निरीक्षण

*2721 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में संसारपुर टैरेस औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कितनी बार निरीक्षण किया गया; और

(ख) निरीक्षण में कितनी औद्योगिक इकाइयां दोषी पाई गई तथा उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा इकाइवार दें ?

----

## भूमि हस्तान्नतरण

*2722 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पाठशालाएं सरकारी और कितनी निजी भवन में चल रही हैं; ब्यौरा दें;

(ख) जो पाठशालाएं सरकारी भवनों में चल रही हैं क्या उनकी भूमि विभाग के नाम है तथा कितनी ऐसी पाठशालाएं हैं जिनकी भूमि अभी तक विभाग के नाम नहीं है; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

NOT APPROVED

(ग) सरकार कब तक इन पाठशालाओं के नाम भूमि हस्तांतरित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***2723 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सड़कों को कितनी-कितनी धनराशि, कब-कब व किस-किस योजना के अन्तर्गत स्वीकृत हुईः-

(i) दयोथ से डाबर (2nd phase);

(ii) जामली से नेरी; और

(ख) इनके टैण्डर कब-कब किए गए और इनके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## आपराधिक मामले

***2724 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत एक वर्ष में BBNDA (Baddi Barotiwala Nalagarh Development Authority) के अन्तर्गत जिला पुलिस द्वारा कितने मामले दर्ज किए गए; ब्यौरा मामलेवार दें;

(ख) इस अवधि में कितने मामलों के न्यायालय में चालान पेश किए गए तथा कितने पुलिस द्वारा सुलझाये गये तथा कितने untrace रहे; ब्यौरा दें; और

(ग) जिला पुलिस बद्दी द्वारा कितने वाहनों के चालान किस-किस अपराध के दर्ज किये गये; ब्यौरा दें?

----

## Road/Bridge Under SCCP

***2725 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that during the last two years in Nalagarh Assembly Constituency most of the roads and bridges under SCCP could not be started for want of accord of Administrative approval and expenditure sanction;

(b) if so, reasons for delay be given; and

NOT APPROVED

(c) by when the administrative approval and expenditure sanction will be accorded & work be started?

----

## सड़क निर्माण

*2726 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना में कौन-कौन सी सड़कें डाली गई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन सड़कों के लिए कितनी -कितनी धनराशि स्वीकृत हुई तथा कितनी -कितनी खर्च की गई; ब्यौरा सड़कों के नाम सहित दें?

----

## नये वाहनों का क्रय

*2727 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में किस-किस निगम व बोर्ड ने अपने चेयरमैन व वाईस चेयरमैन के उपयोग हेतु नये वाहन क्रय किये गए; ब्यौरा निगम व बोर्डवार दें; और

(ख) इस हेतु कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा निगम व बोर्डवार दें ?

----

NOT APPROVED

## भवन निर्माण

*2728 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि निम्न पाठशालाएं बिना भवन के चल रही हैं और इन पाठशालाओं के नाम पर भूमि भी उपलब्ध नहीं हैः-

1. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जगतसुख;

2. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भेखली (सारी);

3. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायसन;

4. राजकीय उच्च पाठशाला पलचान;

5. राजकीय उच्च पाठशाला शिरड-डुगी-लग;

NOT APPROVED

6. राजकीय उच्च पाठशाला रमाण (हलाण-I);

7. राजकीय माध्यमिक पाठशाला खोड़ा-आगे (कुल्लू-II)

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन पाठशालाओं के भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(ग) दिनांक 31.01.2016 तक इन पाठशालाओं के भवन निर्माण हेतु क्या प्राक्कलन बना लिये गये हैं; और कितने-कितने धन का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा पाठशालावार दें ?

----

**पुल निर्माण**

***2729 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भुन्तर में ब्यास नदी पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग मण्डल पण्डोह द्वारा निर्मित वैली ब्रिज के स्थान पर पक्का पुल निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत की गई है; यदि हां, तो कितनी और निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ?

----

**निर्विरोध पंचायतें**

***2730 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हाल ही में प्रदेश में सम्पन्न पंचायत चुनाव में कितनी पंचायतें निर्विरोध चुनी गई;

(ख) सरकार निर्विरोध चुनी गई पंचायतों के लिए ईनाम के तौर पर विकास कार्यों के लिए कितनी राशि देती है; और

(ग) यह राशि क्या सर्वसम्मति से चुनी गई ब्लॉक समिति तथा जिला परिषद को भी दिए जाने का प्रावधान है; ब्यौरा दें ?

----

**डलहौजी-पांगी-तीसा सड़क**

***2731 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जिला चम्बा में कितनी सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया; ब्यौरा दें; और

NOT APPROVED

(ख) वर्ष 2011-12 में डलहौजी से पांगी-तीसा राज्य उच्च मार्ग को क्या राष्ट्रीय उच्च मार्ग की मंजूरी मिल चुकी है; यदि हां, तो ब्यौरा दें ?

----

## Solar Energy Unit

***2732 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that during last year Hon'ble Chief Minister has laid foundation stone of 2.5(mw) Solar Energy Unit at Rangrik;

(b) if yes, what progress has been made by the Department till now; and

(c) by when the Unit will be completed?

----

## सड़क निर्माण में अनियमितता

***2733 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कोसरियां-घराण वाया कुट सड़क (0/000 से 4/000 कि0मी0) एवं जोल-बच्छेरटु वाया पीरू सड़क ( 0/0000 से 3/000) सड़कों पर कितने हयुम पाईप कलवर्ट और स्लैब कलवर्ट डाले गये; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम, पते व उन पर खर्च की गई राशि सहित दें;

(ख) इनके निर्माण में क्या अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ग) यदि हां, तो उन पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा सड़कवार दें?

----

## बीजों पर उपदान

***2734 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कृषि विभाग द्वारा किन-किन फसलों के बीजों पर कितना-कितना उपदान दिया जाता है; ब्यौरा दें;

(ख) उपदान देने का क्या मापदण्ड है; और

NOT APPROVED

(ग) गत तीन वर्षों में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किसानों को किन-किन फसलों के बीजों पर कितना-कितना उपदान दिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## Vegetable Market

***2735 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is a proposal to open wholesale vegetable and fruit market at Sujanpur ; and

(b) if so, by when it will be opened; details be given ?

----

## मुफ्त वर्दी सुविधा

***2736 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा स्कूलों में बच्चों को मुफ्त वर्दी की सुविधा प्रदान की जाती है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में छात्रों को कितने जोड़े मुफ्त वर्दी के कब-कब आबंटित किये गये; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 16 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**

NOT APPROVED